शिक्षा का अधिकार

सर्व शिक्षा अभियान
सब पढ़ें सब बढ़ें

# राज्य शिक्षा केन्द्र

पुस्तक भवन, बी-विंग, अरेरा हिल्स, भोपाल—462 011
दूरभाष : (0755) 2768390, 91, 92, 94, 95 फैक्स : 2552363, 2760561

क्र./पा.पु/रा.शि.के./2022 2349 भोपाल, दिनांक 7/10/2022

प्रति,

1. जिला शिक्षा अधिकारी
   समस्त जिले (म.प्र.)
2. जिला परियोजना समन्वयक
   समस्त जिले (म.प्र.)

**विषयः— ग्रुप 'ए' (कक्षा 5, 6 और 7) ग्रुप 'बी' (कक्षा 8, 9 और 10) के छात्रों के लिए ऊर्जा संरक्षण 2022 पर स्कूल, राज्य और राष्ट्रीय स्तरीय चित्रकला प्रतियोगिता के आयोजन विषयक।**

**सन्दर्भः—मुख्य महाप्रबंधक महो. (मानव संसाधन) NHDC Limited भोपाल का पत्र क्र. NHDC/1/आर/9622/0139 दिनांक 14.9.2022**

उपरोक्त विषय में लेख है कि NHDC Limited (NHPC Limited एवं मध्यप्रदेश शासन का संयुक्त उद्यम) द्वारा घरेलू क्षेत्र में ऊर्जा दक्षता और ऊर्जा संरक्षण के प्रति स्कूली बच्चों को जागरूक करने के लिए विद्युत मंत्रालय भारत सरकार ने द्वारा चित्रकला प्रतियोगिता के माध्यम से अखिल भारतीय राष्ट्रीय जागरूकता अभियान चलाया है।

इस अभियान के तहत विद्यार्थियों के लिए विद्यालय राज्य एवं राष्ट्रीय स्तर पर चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन किया जाना है। प्रतियोगिता के लिए ग्रुप 'ए' (कक्षा 5, 6 और 7) ग्रुप 'बी' (कक्षा 8, 9 और 10) के छात्रों के लिए बनाए गए है। मध्यप्रदेश में NHDC नोडल एजेंसी के रूप में इस प्रतियोगिता का आयोजन कर रही हैं। इस वर्ष की प्रतियोगिता में ग्रुप 'ए' व ग्रुप 'बी' के विषय निम्नानुसार है—

| Category 'A' (Class 5,6 to 7) | Category 'B' (Class 8,9 to 10) |
|---|---|
| Light the candle of Patriotism, save Energy for the Nation.<br>देशभक्ति का दिया जलाये, देश के लिए बिजली बचाए। | Let's write the future, Switch to Electric Vehicle.<br>आओ अपना भविष्य लिखे, इलेक्ट्रिक वाहनों पर स्विच करें। |
| Let's make a world of dreams, by creating rule of energy saving.<br>चलो सपनो का संचार बनाये, बिजली बचाने का नियम बनाये। | Let us rise and complete our duty, Save Energy for Nation.<br>आओ उठो अब फर्ज निभाएं, देश के लिए ऊर्जा बचाएं। |

उपरोक्तानुसार प्रतियोगिता के आयोजन हेतु अपने स्तर से विद्यालयों को निर्देश दे कि अधिक से अधिक छात्र इन प्रतियोगिताओं में सम्मिलित हों।

**सुलभ संदर्भ हेतु NHDC का मूल पत्र (प्रतियोगिता से संबंधित समस्त जानकारी) संलग्न।**

07/10/2022

(धनराजू एस.)
संचालक
राज्य शिक्षा केन्द्र, भोपाल

पृ.क्र./पा.पु/रा.शि.के./2022 2350 भोपाल,दिनांक 7/10/2022

प्रतिलिपिः—

1. प्रमुख सचिव, स्कूल शिक्षा, भोपाल की ओर सूचनार्थ।
2. आयुक्त, लोक शिक्षण संचालनालय भोपाल की ओर सूचनार्थ।
3. आयुक्त, जनजातीय कार्य विभाग की ओर सूचनार्थ।
4. मुख्य महाप्रबंधक महो. (मानव संसाधन) NHDC Limited को सूचनार्थ।
5. कलेक्टर, समस्त जिले (म.प्र) की ओर सूचनार्थ।
6. सहायक आयुक्त, जनजातीय कार्य विभाग की ओर सूचनार्थ।
7. संयुक्त संचालक, लोक शिक्षण समस्त संभाग मध्यप्रदेश की ओर सूचनार्थ।
8. ICT कक्ष द्वारा पोर्टल पर अपलोड करने हेतु।

संचालक
राज्य शिक्षा केन्द्र, भोपाल

एन एच डी सी
NHDC
तमसो मा ज्योतिर्गमय

एन एच डी सी लिमिटेड
(एनएचपीसी लिमिटेड एवं मध्य प्रदेश शासन का संयुक्त उद्यम)

NHDC Limited
(A Joint Venture of NHPC Limited & Govt. of M.P.)

| एनएचडीसी | 1 | आर | 9 | 6 | 2 | 2 | 0 | 1 | 3 | 9 |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|

दिनांक 14.09.2022

प्रति,

श्रीमती रश्मि अरूण शमी, आईएएस
प्रमुख सचिव,
म प्र शासन,
स्कूल शिक्षा विभाग, मंत्रालय,
भोपाल –462011

/पी.ए./प्र.स./स्कूल शिक्षा/4361
दिनांक 16/09/2022

**विषय : ग्रुप 'ए' (कक्षा 5, 6 और 7) और ग्रुप 'बी' (कक्षा 8, 9 और 10) के छात्रों के लिए ऊर्जा संरक्षण – 2022 पर स्कूल, राज्य और राष्ट्रीय स्तरीय चित्रकला प्रतियोगिता के आयोजन विषयक।**

महोदया,

घरेलू क्षेत्र में ऊर्जा दक्षता और ऊर्जा संरक्षण के प्रति स्कूली बच्चों को जागरूक करने के लिए विद्युत मंत्रालय, भारत सरकार ने ग्रुप 'ए' के तहत कक्षा 5, 6 और 7 तथा ग्रुप 'बी' के तहत कक्षा 8, 9 और 10 के लिए चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन द्वारा अखिल भारतीय राष्ट्रीय जागरूकता अभियान चलाया है।

पूर्व वर्षो की भांति इस अभियान के तहत् विद्यार्थियों के लिए विद्यालय, राज्य एंव राष्ट्रीय स्तर पर चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन किया जाना है। इस प्रतियोगिता का मूल उद्देश्य बच्चों को ऊर्जा संरक्षण के प्रति जागरूक करना तथा उनकी सृजन शक्ति को बढ़ाना है। इस अभियान से विद्यार्थियों में न केवल ऊर्जा संरक्षण के बारे में जागरूकता बढ़ेगी अपितु उनके माता–पिता के उत्साहपूर्वक शामिल होने से उनमें भी ऊर्जा संबंधित ज्ञानवर्धन होगा। मध्य प्रदेश में **एनएचडीसी नोडल एजेंसी** के रूप में इस प्रतियोगिता का आयोजन कर रही है। इस वर्ष के प्रतियोगिता में ग्रुप 'ए' व ग्रुप 'बी' के विषय निम्नानुसार है:–

| Category 'A' (Class 5, 6 to 7) | Category 'B' (Class 8,9 to 10) |
|---|---|
| Light the candle of Patriotism, Save Energy for the Nation<br>देशभक्ति का दिया जलाये, देश के लिए बिजली बचाए। | Let's write the future, Switch to Electric Vehicle.<br>आओ अपना भविष्य लिखे, इलेक्ट्रिक वाहनों पर स्विच करें। |
| Let's make a world of dreams, by creating rule of energy saving.<br>चलो सपनो का संसार बनाये, बिजली बचाने का नियम बनाये। | Let us rise and complete our duty, Save Energy for Nation.<br>आओ उठो अब फर्ज निभाएं, देश के लिए ऊर्जा बचाएं। |

## चित्रकला प्रतियोगिता :– 2022 की क्रियापद्धति

क्रमशः ..... 2

### स्कूल स्तरीय चित्रकला प्रतियोगिता :–

- स्कूल के प्रधानाचार्य से अनुरोध है कि www.bee-studentsaward.in पर जाएं और अपना आईडी और पासवर्ड बनाने के लिए अपने स्कूल का पंजीकरण करें। web portal दिनांक 12.09.2022 से प्रभावी होगा।
- छात्रों को ए 4 आकार की शीट और चित्रकला सामग्री जैसे पेंसिल, रंगीन पेंसिल, क्रेयॉन और पानी के रंगों का उपयोग करना होगा। छात्र चित्रकला के लिए अपने ग्रुप के लिए चिह्वित उपर्युक्त विषयों में से किसी एक विषय का चयन कर सकते हैं।
- स्कूल किसी एक दिन 2 घंटे के लिए विद्यालय स्तर पर ग्रुप 'ए' और ग्रुप 'बी' के लिए चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन करेगा।
- स्कूल प्रधानाचार्य प्रत्येक ग्रुप 'ए' एवं ग्रुप 'बी' से 2 सर्वश्रेष्ठ चित्रों का चयन करेंगे और उन्हें अपलोड करने के लिए जेपीजी/जेपीईजी (अधिकतम आकार 2 एमबी) में स्कैन करेंगे।
- पुन www.bee-studentsaward.in पर जाएं और अपनी आईडी और पासवर्ड के साथ प्रत्येक ग्रुप के दो सर्वश्रेष्ठ स्कैन किए गए चित्रों एवं प्रत्येक ग्रुप में स्कूल स्तर की प्रतियोगिता के प्रतिभागियों की सूची अपलोड करने के लिए साइन–इन करें। स्कूल पूर्वनिर्धारित एक्सेल प्रारूप में प्रतिभागियों की सूची अपलोड करेंगे।
- पिछले दो वर्षो में आयोजित राज्य स्तरीय चित्रकला प्रतियोगिता के प्रथम, द्वितीय एंव तृतीय पुरस्कार विजेता इस प्रतियोगिता में भाग नहीं ले सकते हैं।
- विद्यालयों में इंटरनेट कनेक्टिविटी न होने की स्थिति में, प्रधानाचार्य प्रत्येक ग्रुप से दो सर्वश्रेष्ठ पेंटिंग एवं प्रत्येक ग्रुप के प्रतिभागीयों की सूची दिनांक 25.10.2022 तक डाक के माध्यम से नीचे लिखे पते पर प्रेषित करना सुनिश्चित करें :–

**श्री अजीत कुमार जैन, उप प्रबंधक (जनसंपर्क)**
**नोडल अधिकारी, मध्य प्रदेश**
**एनएचडीसी लिमिटेड, श्यामला हिल्स, भोपाल – 462013**
**मोबाईल न. 9464992304, 7014479941**
**फोन–0755–4030160, फैक्स–0755–4030080,**
**email : cc.nhdcbhopal@gmail.com**
**ajitnhpc@gmail.com**

- डाक से पेंटिंग भेजे जाने की स्थिति में दोनों श्रेणी 'ए' व 'बी' के दो सर्वश्रेष्ठ चयनित प्रत्येक चित्रकला के पीछे विद्यार्थी का नाम, पिता/माता का नाम, रोल नम्बर, कक्षा, पूर्ण पता के साथ विद्यालय का नाम, फोन नंबर/मोबाईल नंबर, विद्यालय के प्राचार्य के सील सहित हस्ताक्षर होना चाहिए। विद्यालय स्तर पर भाग लेने वाले सभी प्रतिभागियों से संबंधित जानकारी भी संलग्न प्रारूप में भेजनी होगी।

### राज्य स्तरीय चित्रकला प्रतियोगिता : –

- विद्यालय स्तर से चयन कर प्रेषित चित्रकलाओं में से, विशेषज्ञों की गठित समिति द्वारा प्रत्येक ग्रुप में से सर्वश्रेष्ठ 50–50 चित्रकलाओं का चयन किया जायेगा।
- इन चयनित विद्यार्थियों को राज्य स्तर पर चित्रकला प्रतियोगिता के लिए आमंत्रित किया जायेगा। **दिनांक 14 नवबंर 2022** को भोपाल में तात्कालिक चित्रकला प्रतियोगिता होगी, जिसकी अवधि दो घण्टे की रहेगी एवं जिसके लिए विषय चयनित प्रतिभागियों को अलग से सूचित किया जावेगा।
- राज्य स्तर पर चित्रकला प्रतियोगिता में चयनित प्रत्येक विद्यार्थियों को प्रतिभागिता प्रमाण पत्र एवं 2,000/– रूपये दिया जायेगा।

एन एच डी सी
NHDC
तमसो मा ज्योतिर्गमय

एन एच डी सी लिमिटेड
(एनएचपीसी लिमिटेड एवं मध्य प्रदेश शासन का संयुक्त उद्यम)

**NHDC Limited**
(A Joint Venture of NHPC Limited & Govt. of M.P.)




- कक्षा पाँचवी, छठवीं एवं सातवीं के विद्यार्थियों को उनके **स्वयं तथा दो अभिभावक** के ए.सी.चेयर कार / III ए.सी. या स्लीपर क्लास के रेल किराये/राज्य परिवहन बस के किराये द्वारा न्युनतम दूरी के मार्ग से यात्रा पर हुए व्यय की प्रतिपूर्ति की जायेगी।
- कक्षा आठवी, नौवी एवं दसवीं के विद्यार्थियों को उनके **स्वयं तथा एक अभिभावक** के ए.सी.चेयर कार / III ए.सी. या स्लीपर क्लास के रेल किराये/राज्यपरिवहन बस के किराये द्वारा न्युनतम दूरी के मार्ग से यात्रा पर हुए व्यय की प्रतिपूर्ति की जायेगी।
- राज्य स्तर पर चित्रकला प्रतियोगिता में प्रत्येक श्रेणी के लिए प्रथम पुरस्कार 50,000/- रूपये, द्वितीय पुरस्कार 30,000/- रूपये, तृतीय पुरस्कार 20,000/- एंव 10 सांत्वना पुरस्कार 7,500/- रूपये प्रति विद्यार्थी को उसी दिन (**14 नवम्बर 2022**) को एनएचडीसी द्वारा आयोजित समारोह में प्रदान किया जायेगा।

**राष्ट्रीय स्तरीय चित्रकला प्रतियोगिता :-**

- राज्य स्तर पर श्रेणी (ए) व (बी) के चित्रकला प्रतियोगिता में प्रथम, द्वितीय, तृतीय विजेताओं को दिल्ली में दिनांक **12 दिसम्बर, 2022** को आयोजित होने वाली राष्ट्रीय प्रतियोगिता में आमंत्रित किया जायेगा, जिसका परिणाम **14 दिसम्बर, 2022** को घोषित किया जायेगा।
- ग्रुप 'ए' के प्रतिभागी स्वयं तथा दो अभिभावक व ग्रुप 'बी' के प्रतिभागी स्वयं तथा एक अभिभावक को ए.सी. चेयर कार/III ए.सी. या स्लीपर क्लास के रेल किराये /राज्यपरिवहन बस के किराये द्वारा न्युनतम दूरी के मार्ग से यात्रा पर हुए खर्चे की प्रतिपूर्ति की जायेगी। उनके ठहरने की व्यवस्था आयोजक द्वारा की जायेगी।
- दिनांक **14 दिसम्बर, 2022** को दिल्ली में राष्ट्रीय ऊर्जा संरक्षण दिवस के समारोह में राष्ट्रीय स्तर के विजेताओं को प्रथम पुरस्कार (एक) 1,00,000/- रूपये, द्वितीय पुरस्कार (एक) 50,000/- रूपये, तृतीय पुरस्कार (एक) 30,000/- रूपये एंव सांत्वना पुरस्कार (दस) 15,000/- रूपये दिया जायेगा।

*शासकीय ग्रामीण क्षेत्र के विद्यालयों से अधिक से अधिक प्रतिभागिता सुनिश्चित किया जाना अपेक्षित है। ग्रामीण क्षेत्र से प्रतिभागी विद्यालयों के बच्चों को विशेष रूप से प्रतियोगिता के विभिन्न चरणों में प्रोत्साहित करने का लक्ष्य रखा गया है।*

***कृपया उक्त चित्रकला प्रतियोगिता हेतु विद्यालय स्तर पर अधिकतम प्रतिभागिता हेतु संबंधितों को निर्देश जारी करने का कष्ट करें।***

भवदीय,

अशोक कुमार
(अशोक कुमार) 14/9/22
मुख्य महाप्रबंधक (मानव संसाधन)

पूर्ण जानकारी के लिए वेबसाईट www.beeindia.in तथा संलग्न परिपत्र देखें


पंजीकृत कार्यालयः एन एच डी सी परिसर, होटल लेकव्यू अशोक के पास, श्यामला हिल्स, भोपाल – 462013 (म.प्र.)
Registered Office: NHDC Parisar, Near Hotel Lake View Ashoka, Shyamla Hills, Bhopal – 462013 (M.P)
दूरभाष/Telephone : 0755 - 4030160, फैक्स/Fax: 0755 - 4030020, Website: www.nhdcindia.com

**Annexure – 2**

## Report (By School Principal)
## School Level Painting Competition on Energy Conservation- 2022

State/ UT _______

School Name _______________

Address _______________________

School Status Urban/Rural

| No of Students Participated | Group 'A' | Group 'B' |
|---|---|---|
| | | |
| Feed back/Remarks | | |
| Note: Name of the Schools shall be printed in the booklet "Collection of State Level Painting" showing 100% participation. | | |

List of Participants (Excel Format to be uploaded)

| # | Student Name | Class | Standing |
|---|---|---|---|
| | | | |
| | | | |
| | | | |
| | | | |
| | | | |
| | | | |
| | | | |
| | | | |
| | | | |
| | | | |
| | | | |
| | | | |
| | | | |
| | | | |
| | | | |
| | | | |
| | | | |
| | | | |
| | | | |
| | | | |
| | | | |
| | | | |
| | | | |
| | | | |
| | | | |
| | | | |
| | | | |
| | | | |
| | | | |

Signature of Principal with Stamp